आज
प्रयागराज, रविवार ११ अक्तूबर, २०२६

हाईकोर्ट से रमाकांत यादव को बड़ी राहत:छात्र की मौत के मामले में आपराधिक कार्यवाही निरस्त

(विधि संवाददाता)

प्रयागराज। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कंचन बालिका इंटर कालेज, बंधवा बाजार, रामगढ़ से जुड़े एक मामले में रमाकांत यादव को बड़ी राहत प्रदान की है। न्यायमूर्ति संतोष राय ने उनके विरुद्ध चल रही आपराधिक कार्यवाही रद्द कर दी। आयुष कुमार सरोज कक्षा १० का छात्र था और ९ सितंबर २०२३ को विद्यालय गया था। उसी दिन अपराह्न लगभग ३:४९ बजे उसके पिता हीरालाल सरोज को सूचना मिली कि उनका पुत्र विद्यालय से छुट्टी के बाद घर लौटते समय रास्ते में गिरकर बेहोश हो गया है। उसे चिकित्सक के पास ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद दर्ज प्राथमिकी में विद्यालय प्रबंधन और प्रधानाचार्य की भूमिका को लेकर संदेह व्यक्त किया गया था। इस मामले में मुकदमा अपराध संख्या १०५/२०२३ के तहत धारा ३०४ आईपीसी तथा एससी/एसटी अधिनियम की धारा ३(२)(वी) में कार्यवाही हुई। रमाकांत यादव ने समन आदेश को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।हाई कोर्ट ने गवाहों के बयान, घटनास्थल के नक्शे और पोस्टमार्टम रिपोर्ट सहित उपलब्ध अभिलेखों का परीक्षण किया। न्यायालय ने पाया कि प्राथमिकी दर्ज कराने वाला व्यक्ति घटना का प्रत्यक्षदर्शी नहीं था। घटनास्थल के नक्शे में भी घटना का स्थान विद्यालय परिसर के रूप में स्पष्ट नहीं था। गवाहों के बयानों से छात्र के साइकिल से लौटते समय गिरने की संभावना सामने आई। न्यायालय को अपीलकर्ता के विरुद्ध आरोपित अपराध में संलिप्तता साबित करने वाली पर्याप्त विश्वसनीय सामग्री भी नहीं मिली।न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि एससा-एसटी अधिनियम की संबंधित धारा लागू करने के लिए अपराध का पीड़ित की जाति के आधार पर किया जाना आवश्यक है। उपलब्ध अभिलेखों में इसका पर्याप्त आधार नहीं पाया गया।

हाईकोर्टका जिला पंचायत को सड़ककी मरम्मत का निर्देश

कहा - सीसी रोडका बजट न मिलनेपर भी जिम्मेदारीसे नहीं बच सकती पंचायत

(विधि संवाददाता)

प्रयागराज। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कुलदीप सिंह व अन्य की जनहित याचिका पर जिला पंचायत को स्पष्ट निर्देश दिया है कि सीसी (सीमेंट कंक्रीट) रोड के निर्माण पर फैसला चाहे जो भी हो, सड़क को उचित हालत में रखना उसकी जिम्मेदारी है। मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की पीठ ने यह आदेश दिया।

जिला पंचायत की ओर से अदालत को बताया गया कि सीसी रोड निर्माण के लिए ६० लाख रुपये के बजट का प्रस्ताव बोर्ड के सामने रखा गया था, लेकिन ७ फरवरी २०२६ को उसे अस्वीकार कर दिया गया। पंचायत ने कहा कि प्रस्ताव अगली बैठक में दोबारा रखा जाएगा और जो निर्णय होगा, उसके अनुसार काम कराया जाएगा।

पीठ ने जिला पंचायत द्वारा ही पेश की गई तस्वीरों का अवलोकन करने के बाद कहा कि सड़क की मौजूदा स्थिति बेहद खराब और जोखिम भरी है। अदालत ने टिप्पणी की कि सीसी रोड के लिए बजट स्वीकृत न हो, तब भी जिला पंचायत अपनी जिम्मेदारी से पल्ला नहीं झाड़ सकती। सड़क जिस रूप में है, यानी कटे हुए पत्थरों वाली, उसका रखरखाव करना पंचायत का दायित्व है। अदालत ने कहा कि सीसी रोड को लेकर पंचायत जो भी निर्णय ले, उससे स्वतंत्र रूप से सड़क के रखरखाव पर भी निर्णय लेना होगा और अगली सुनवाई से पहले सड़क को उचित स्थिति में लाना सुनिश्चित करना होगा।मामले को ३० नवंबर २०२६ को सूचीबद्ध किया गया है।

संक्षिप्त


भारतीय मूल के युवक को पेरिस में 20 साल की जेल

लंदन (एजेंसी)। पेरिस की एक अदालत ने 29 वर्षीय भारतीय व्यक्ति को 20 साल की जेल की सजा सुनाई है। उस पर कम उम्र की लड़कियों (जिनमें से कई नाबालिग भी थीं) को यौन गतिविधियों के लिए मजबूर करने वाले एक समूह (पुरुष-समर्थक) का नेतृत्व करने का आरोप था। सरकारी टीवी नेटवर्क फ्रांस 24 की रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी रोहन राणे का मुकदमा सोमवार को पेरिस की एक विशेष आपराधिक अदालत में शुरू हुआ और इसकी सुनवाई बंद दरवाजों के पीछे की जा रही है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि शुक्रवार को पेरिस की अदालत ने रोहन राणे को 20 साल की जेल की सजा सुनाई। वह पढ़ाई के लिए फ्रांस आया था। लंदन (एजेंसी)। पेरिस की एक अदालत ने 29 वर्षीय भारतीय व्यक्ति को 20 साल की जेल की सजा सुनाई है। उस पर कम उम्र की लड़कियों (जिनमें से कई नाबालिग भी थीं) को यौन गतिविधियों के लिए मजबूर करने वाले एक समूह (पुरुष-समर्थक) का नेतृत्व करने का आरोप था। सरकारी टीवी नेटवर्क फ्रांस 24 की रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी रोहन राणे का मुकदमा सोमवार को पेरिस की एक विशेष आपराधिक अदालत में शुरू हुआ और इसकी सुनवाई बंद दरवाजों के पीछे की जा रही है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि शुक्रवार को पेरिस की अदालत ने रोहन राणे को 20 साल की जेल की सजा सुनाई। वह पढ़ाई के लिए फ्रांस आया था। यहां वो एक ऐसे अंतरराष्ट्रीय आपराधिक नेटवर्क में शामिल था जो अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा में कमजोर बच्चों को निशाना बनाता था और उन्हें हिंसक व यौन वीडियो बनाने के लिए मजबूर करता था। हालांकि, अभियोजकों ने राणे के लिए 30 साल की जेल की सजा की मांग की थी। उन्होंने राणे को नियो-नाजी% बताया जो %सैडिज्म% (दूसरों को तकलीफ देकर मजा लेने की प्रवृत्ति) और भयानक हिंसा का शौकीन था।

यहां भी पढ़ें
-:Website:-
www.ajhindidaily.com
-:For e-Paper:-
www.ajhindidaily.com/
आज गौरव शाली परंपरा का १०७वां वर्ष
नि:शुल्क ई-पेपर सब्सकाईब करें।

मौसम



सूर्योदय : ०५.५४
सूर्यास्त : ०५.३५

तापमान
अधि. : ३३.२
न्यून. : २३.०

कम उम्रमें बढ़ रहे हार्ट अटैक और लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियों के मामले- ब्रजेश पाठक

लखनऊ (आससे)। उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि बदलती जीवनशैली के कारण कम उम्र के लोगों में भी बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। युवाओं में हार्ट अटैक के मामले सामने आना चिंता का विषय है। ऐसे में बीमारियों के इलाज के साथ ही उनकी रोकथाम पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इसके लिए खानपान की आदतों में सुधार, नियमित व्यायाम और व्यापक जनजागरूकता अभियान जरूरी हैं। उप मुख्यमंत्री शनिवार को द वीक मेटाबॉलिक हेल्थ समिट 2026 के उत्तर प्रदेश संस्करण में ष्बिल्डिंग ए हेल्दियर यूपी फॉर टुमॉरोरू फ्रॉम विजन टू एक्शनष् विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मोटापाए असंतुलित खानपानए शारीरिक निष्क्रियता और मानसिक तनाव को बीमारियों के बढ़ते बोझ के प्रमुख कारणों में शामिल बताया। उन्होंने कहा कि जब तक हमारा मन और शरीर स्वस्थ नहीं होगाए तब तक हम अपने देश और प्रदेश के विकास में प्रभावी योगदान नहीं दे सकेंगे। बेहतर स्वास्थ्य के लिए आम लोगों की भागीदारी बेहद जरूरी है। चिकित्सा

बचाव पर देना होगा ध्यान

शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे ब्रजेश पाठक ने कहा कि आज जीवनशैली में तेजी से बदलाव हो रहा है। उम्र बढ़ने के साथ होने वाली बीमारियां अब कम उम्र के लोगों में भी देखने को मिल रही हैं। इसे देखते हुए लोगों को अपनी दिनचर्या और खानपान पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए।

डिप्टी सीएम ने मोटापे को बड़ी स्वास्थ्य चुनौती बताते हुए कहा कि लोगों को इस बात के प्रति जागरूक होना चाहिए कि वे कितना भोजन कर रहे हैं और उनके शरीर को कितनी कैलोरी की जरूरत है। उन्होंने कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक्स और एनर्जी ड्रिंक्स के अत्यधिक सेवन से बचने तथा स्वस्थ खानपान की आदतें अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए उसे सक्रिय रखना जरूरी है। जिस तरह किसी वाहन को नियमित इस्तेमाल और रखरखाव की जरूरत होती हैए उसी तरह मानव शरीर को भी सक्रियता और देखभाल की आवश्यकता होती है। इसके लिए जिम जाना या कठिन व्यायाम करना ही जरूरी नहीं है। तेज कदमों से पैदल चलनाए सीढ़ियां चढ़ना और घर के सामान्य काम करना भी शारीरिक सक्रियता बढ़ाने में मददगार हो सकते हैं। हर उम्र के लोगों को अपनी दिनचर्या में नियमित व्यायाम शामिल करना चाहिए। ब्रजेश पाठक ने कहा कि अस्पतालों में केवल बीमारियों के इलाज पर ही नहीं, बल्कि उन्हें रोकने के उपायों पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। इसके लिए अस्पतालों में ऐसे कर्मियों की तैनाती पर विचार किया जा सकता है।

लक्ष्य से अधिक मानव दिवस सृजित कर नया रिकॉर्ड बनाने का करें प्रयास- केशव

लखनऊ (आससे)। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने वीबी-जी राम जी विकसित भारत-जी राम जी योजना के अंतर्गत प्रदेश में अधिकाधिक मानव दिवस सृजन के उद्देश्य से आगामी 12 अक्टूबर को प्रदेशभर में 'विशेष रोजगार सृजन दिवस' आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शनिवार को लखनऊ स्थित अपने कैम्प कार्यालय, 7-कालिदास मार्ग से ग्राम्य विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं प्रदेश के समस्त मुख्य विकास अधिकारियों के साथ वर्चुअल समीक्षा बैठक कर विशेष अभियान की तैयारियों एवं मानव दिवस सृजन की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति तथा 12 अक्टूबर को अधिकाधिक मानव दिवस सृजित कर नया रिकॉर्ड बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करने के निर्देश दिए।

आरएसएस एवं सेवा भारती ने 10 हजार बाढ़ पीड़ित परिवारों तक पहुंचायी राहत सामग्री

लखनऊ (आससे)। गोमती नदी का जलस्तर बढ़ने से राजधानी के फैजुल्लागंज इलाके की कई बस्तियां बाढ़ की चपेट में आ गई हैं। जलभराव के बीच फंसे परिवारों की मदद के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और सेवा भारती के कार्यकर्ता बड़े पैमाने पर राहत अभियान चला रहे हैं। कार्यकर्ताओं द्वारा नावों के सहारे दाऊद नगर, मामा कॉलोनी और यादव चौराहा सहित अन्य जलमग्न इलाकों में आवश्यक सामग्री पहुंचाई जा रही है। इस अभियान में करीब 65 कार्यकर्ता दो पालियों में निरंतर सेवा दे रहे हैं, जिन्होंने अब तक लगभग 10 हजार परिवारों को भोजन के पैकेट, पानी की बोतलें, बिस्किट, चना, मच्छरबत्ती और माचिस वितरित की है। इस व्यापक राहत कार्य का जायजा लेने के लिए आरएसएस के पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र प्रचारक अनिल प्रभावित इलाकों में पहुंचे। इस दौरान उनके साथ प्रांत सेवा प्रमुख देवेंद्र और सेवा भारती के कोषाध्यक्ष मंशाबक्श सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने सेवा कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया।

जोधपुर : गरजे लड़ाकू विमान

जोधपुर (एजेंसी)। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को राजस्थान के जोधपुर स्थित वायुसेना स्टेशन पहुंचे और बहुराष्ट्रीय वायु अभ्यास 'तरंग शक्ति-2026' के मुख्य कार्यक्रम में शामिल हुए। एयरबेस पहुंचने पर भारतीय वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान रक्षा मंत्री ने अभ्यास में हिस्सा ले रही मित्र देशों की वायुसेनाओं के अधिकारियों और जवानों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। जोधपुर में 26 सितंबर से 12 अक्टूबर तक बहुराष्ट्रीय वायु अभ्यास 'तरंग शक्ति-2026' का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आठ देशों की वायुसेनाएं हिस्सा ले रही हैं। इसके अलावा 32 से अधिक देशों के वरिष्ठ सैन्य प्रतिनिधि पर्यवेक्षक के रूप में शामिल हुए हैं। इस अभ्यास के दौरान विभिन्न देशों की वायुसेनाएं अपनी हवाई मारक क्षमता, युद्ध कौशल और सामरिक समन्वय का प्रदर्शन कर रही हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस

राजनाथ सिंह ने देखा भारतीय वायुसेना का दम

आयोजन को अंतरराष्ट्रीय रक्षा सहयोग और वैश्विक सैन्य समन्वय को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। अभ्यास के दौरान भारतीय वायुसेना की प्रसिद्ध 'सारंग' हेलीकॉप्टर एरोबैटिक टीम ने हवाई करतब दिखाए। टीम के पायलटों ने सटीक उड़ान और जटिल फॉर्मेशन के जरिए अपने कौशल का प्रदर्शन किया। इस दौरान लड़ाकू विमानों की गर्जना और हेलीकॉप्टरों के करतबों ने कार्यक्रम को खास बना दिया। रक्षा मंत्री ने सारंग टीम के प्रदर्शन की सराहना की। इस प्रदर्शन के जरिए भारतीय वायुसेना की पेशेवर क्षमता और हवाई कौशल का प्रदर्शन किया गया। 'तरंग शक्ति-2026' का उद्देश्य विभिन्न देशों की वायुसेनाओं के बीच आपसी तालमेल बढ़ाना, संयुक्त अभियान की क्षमता विकसित करना और आधुनिक हवाई युद्ध रणनीतियों का आदान-प्रदान करना है। अभ्यास के दौरान जटिल सामरिक परिस्थितियों में संयुक्त प्रशिक्षण पर जोर दिया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विदेशी सैन्य अधिकारियों से भी बातचीत की।

मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्रीने दी श्रद्धांजलि

लखनऊ (आससे)। समाजवादी पार्टी के संस्थापक, देश के पूर्व रक्षा मंत्री और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की चौथी पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। भाजपा, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के नेताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर उनके राजनीतिक योगदान और जनसेवा को याद किया। सपा सांसद और मुलायम सिंह यादव की बहू डिंपल यादव ने भी उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर पोस्ट कर मुलायम सिंह यादव को उनकी पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि दी। उन्होंने लिखा, देश के पूर्व रक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, पद्म विभूषण मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी समाजवादी पार्टी के संस्थापक और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने एक्स पर लिखा, समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि देते हुए उनके जनहित से जुड़े योगदान को याद किया। उन्होंने लिखा कि जनहित के लिए उनका योगदान सदैव वंदनीय रहेगा।प्रदेश सरकार में मंत्री जितिन प्रसाद ने भी पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। वहीं, कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र सिंह चौधरी ने उन्हें शत-शत नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। समाजवादी पार्टी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर मुलायम सिंह यादव की चौथी पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। पार्टी ने उन्हें अपना संस्थापक, भारत का पूर्व रक्षा मंत्री और उत्तर प्रदेश का पूर्व मुख्यमंत्री बताते हुए सादर नमन किया। सपा ने पोस्ट के अंत में लिखा, नेताजी अमर रहें। सपा सांसद और मुलायम सिंह यादव की बहू डिंपल यादव ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने अपने संदेश में नेताजी को धरतीपुत्र बताते हुए उनकी चौथी पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

भाजपा सरकार काम करने के बजाय नाम बदलने की राजनीति कर रही-आराधना मिश्रा

लखनऊ (आससे)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पिछले दस वर्षों से काम करने के बजाय नाम बदलने की राजनीति कर रही है। लोग काम करके नाम कमाते हैं, लेकिन योगी सरकार नाम बदलकर काम चलाने में विश्वास रखती है। सरकार की प्राथमिकता विकास कार्यों को पूरा करना नहीं, बल्कि योजनाओं और संस्थानों के नाम बदलकर सुर्खियाँ बटोरना है। नाम बदलने की इस राजनीति की चपेट में अब प्रधानमंत्री भी आ गए हैं। यह बातें उन्होने शनिवार को जारी बयान में व्यक्त कीं। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री ने जेवर एयरपोर्ट का नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर रखने की घोषणा की है। दिसंबर 2020 में सरकार ने स्वयं इसका नाम नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तय किया था। अब जब विकास कार्यों के वास्तविक परिणामों पर सवाल उठ रहे हैं, तो नाम बदलने की राजनीति के जरिए ध्यान भटकाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार पर आगे पाट, पीछे सपाट की कहावत पूरी तरह चरितार्थ होती है। सरकार किसी योजना का उद्घाटन करती है, उसका नाम रखती है, प्रचार करती है और फिर वह योजना ठप हो जाती है । इसके बाद नया नारियल लेकर नई योजना के उद्घाटन की तैयारी शुरू हो जाती है। जनता के सामने विकास का प्रचार है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। उन्होने कहा कि जेवर एयरपोर्ट के लिए किसानों की जमीन अधिग्रहित की गई। पहले और दूसरे चरण में लगभग 2699 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहित किए जाने का दावा है, जिसमें 15 हजार से अधिक किसान प्रभावित हुए। तीसरे चरण सहित परियोजना के लिए प्रस्तावित कुल भूमि लगभग 6200 हेक्टेयर बताई गई है। किसानों ने अपनी जमीन दी और परियोजना पर जनता के पैसे का निवेश हुआ, लेकिन अब सरकार की प्राथमिकता एयरपोर्ट का संचालन बेहतर बनाने के बजाय उसका नाम बदलने पर केंद्रित दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि 28 मार्च 2026 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एयरपोर्ट के पहले चरण का उद्घाटन किया और 15 जून 2026 से व्यावसायिक उड़ानें शुरू हुईं। लेकिन उद्घाटन के कुछ ही समय बाद उड़ानों के संचालन को लेकर सवाल उठने लगे।

ब्रह्मदेव उपाध्यायके खिलाफ आपराधिक अवमानना कार्यवाहीका आदेश

जनहित याचिका दायर कर जजके विरूद्ध की है अपमानजक टिप्पणी

(विधि संवाददाता)

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जनहित याचिका में याची ब्रह्मदेव उपाध्याय द्वारा एक न्यायिक अधिकारी के विरुद्ध इस्तेमाल की गई भाषा को गंभीर मानते हुए उनके खिलाफ आपराधिक अवमानना कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेन्द्र की खंडपीठ ने यह आदेश पारित किया।

याची ने रजिस्ट्रार जनरल, हाईकोर्ट इलाहाबाद और दो अन्य को प्रतिवादी बनाते हुए याचिका दायर की थी। इसमें उन्होंने ४ अप्रैल २०२६ के उस आदेश को रद करने की मांग की थी, जिसमें एक न्यायिक अधिकारी के विरुद्ध उनकी शिकायत पर वरिष्ठ रजिस्ट्रार ने उन्हें सूचित किया था कि वे चाहें तो विधि के अनुसार उचित कानूनी उपाय अपना सकते हैं।शिकायत कमलावती नाम की महिला के खिलाफ याची द्वारा दायर एक आपराधिक मामले से जुड़ी थी, जिसका फैसला १० जुलाई २०२५ को हुआ था।

पीठ ने कहा कि याचिका में न्यायिक अधिकारी के संबंध में जिस भाषा का प्रयोग किया गया और जिस तरह आरोप लगाए गए, उसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि इस्तेमाल की गई भाषा 'मूलत: आपराधिक अवमानना की श्रेणी में आती है।'कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि जिस मामले में याची स्वयं पक्षकार रहे हों, उसमें जनहित याचिका के रूप में दायर याचिका पोषणीय नहीं है। अवमानना याचिका व जनहित याचिका की सुनवाई अन्य पीठ करेगी।

पृष्ठ तीन का शेष

किसानोंकी...

क्विंटल की वृद्धि भी की गयी है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले किसान कर्ज, बदहाली और बिचौलियों की समस्याओं से जूझते थे। अब किसानों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने किसान सम्मान निधि और सिंचाई सुविधाओं को कृषि क्षेत्र में हुए बदलावों का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्नदाता किसानों की मेहनत प्रदेश की आर्थिक प्रगति में अहम भूमिका निभाती है। सरकार का उद्देश्य किसानों को बेहतर सुविधाएं, उनकी उपज का उचित मूल्य और आर्थिक सुरक्षा उपलब्ध कराना है, ताकि कृषि क्षेत्र मजबूत हो और किसानों की समृद्धि बढ़े।

सीईसी के...

अलग-अलग स्थानों से हिरासत में लिया गया। पुलिस लोगों की आवाजाही पर नजर रखने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल कर रही है। यूट्यूबर ध्रुव राठी को गुरुग्राम के सेक्टर-56 से हिरासत में लिए जाने की सूचना है। इसके अलावा कॉजपा के नेताओं अभिजीत दीपके, सौरव दास और आशुतोष रांका को भी दिल्ली में विमान उतरने के बाद हिरासत में लिया गया। पार्टी ने अपनी विधि प्रकोष्ठ प्रमुख रत्ना सिंह समेत तीन अन्य वकीलों को हिरासत में लिए जाने का भी दावा किया है। प्रस्तावित प्रदर्शन के मद्देनजर दिल्ली के संवेदनशील इलाकों, विशेषकर जंतर-मंतर की ओर जाने वाले मार्गों पर पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस उन लोगों की गतिविधियों पर भी नजर रख रही है, जिन पर प्रदर्शन के लिए भीड़ जुटाने की आशंका है। अधिकारियों के अनुसार, एहतियाती कार्रवाई का उद्देश्य कानून-व्यवस्था बनाए रखना और किसी अप्रिय घटना को रोकना है।

ममता और केजरीवाल...

हुई। इससे पहले पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भी दिल्ली स्थित उनके आवास के बाहर हिरासत में लिया गया। तृणमूल कांग्रेस के पूर्व सांसद साकेत गोखले के मुताबिक, ममता बनर्जी के साथ पार्टी के पांच अन्य नेताओं को भी दिल्ली पुलिस और सीआरपीएफ ने हिरासत में लिया है। केजरीवाल ने देश के युवाओं और आम लोगों से कथित वोट चोरी तथा मतदाता सूची में गड़बड़ी के खिलाफ दिल्ली पहुंचने की अपील की है।

फिर शुरू होगी...

चौक तक 'लोकतंत्र बचाओ' मार्च निकाला। हालांकि, पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया था। विपक्षी दलों ने एसआईआर पर रोक लगाने, मतदाता सूची से हटाए गए नामों को बहाल करने और बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग भी उठाई है। गौरतलब है कि इंडिया गठबंधन के सांसद पिछले कई दिनों से चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। विपक्ष का आरोप है कि मतदाता सूची में बदलाव से लोगों के मतदान के अधिकार प्रभावित हो सकते हैं।

मोदी सरकारने...

ने कहा कि कांग्रेस और एकजुट विपक्ष इस कथित तानाशाही सरकार के खिलाफ मजबूती से लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि देश ने संघर्ष और बलिदान देकर आजादी हासिल की है और कांग्रेस लोकतंत्र, संविधान तथा प्रत्येक भारतीय के मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी ताकत से संघर्ष जारी रखेगी।

मोदी-शाह चला...

करके सील कर दिया गया, ट्रेनों और मेट्रो सेवाओं को रोका गया, इंटरनेट बंद कर दिया गया और जगह-जगह चेक पोस्ट बना दिये गये। प्रियंका गांधी के मुताबिक, अपने संवैधानिक अधिकार के तहत विरोध प्रदर्शन कर रहे युवक-युवतियों के साथ मारपीट की गयी और उन्हें हिरासत में लिया गया। प्रियंका गांधी ने चुनाव प्रक्रिया और निर्वाचन आयोग की भूमिका पर भी सवाल उठाये। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या यह इस बात का प्रमाण नहीं है कि चुनाव में धांधली निर्वाचन आयोग की मिलीभगत से हुई है और सरकार अपनी वैधता पर उठ रहे सवालों तथा जवाबदेही की मांग से भयभीत है।

मेट्रो स्टेशन...

सेवाओं पर पूरी तरह रोक नहीं लगाने का निर्देश दिया था। याचिका में केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, दिल्ली पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार और दिल्ली मेट्रो रेल निगम की अध्यक्ष डी. थारा के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू करने की मांग की गयी है। वरिष्ठ वकील और राज्यसभा सदस्य मेनका गुरुस्वामी ने भी इसी मामले में अलग अवमानना याचिका दायर की है।

१२४ पूर्व...

के दौर से आगे निकल चुका है। बिहार विधानसभा चुनाव-2025 का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें दोबारा मतदान की जरूरत नहीं पड़ी और 1951 के बाद सर्वाधिक मतदान दर्ज किया गया। पत्र में एसआईआर को मतदाता सूची की शुद्धता और अद्यतन के लिए जरूरी बताते हुए कहा गया कि बिहार में इस प्रक्रिया के दौरान लगभग 22 लाख मृत मतदाताओं और सात लाख दोहरी प्रविष्टियों की पहचान की गई, जबकि करीब 21.5 लाख नए मतदाताओं को जोड़ा गया। अधिकारियों के मुताबिक, एसआईआर में नोटिस, सुनवाई, अपील और राजनीतिक दलों के बूथ स्तर के एजेंटों की भागीदारी जैसे सुरक्षा प्रावधान हैं।

यूपी विधान परिषद...

सकेगा। निर्वाचन क्षेत्रों में प्रत्याशियों की संख्या की बात करें तो वाराणसी खंड स्नातक सीट पर सबसे अधिक 24 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक सीट पर 17 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वहीं, लखनऊ खंड स्नातक और गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक सीट पर 16-16 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। आगरा खंड स्नातक, इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक और लखनऊ खंड शिक्षक सीट पर 13-13 प्रत्याशी मैदान में हैं। अब नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी 11 निर्वाचन क्षेत्रों में चुनावी मुकाबले की तैयारी तेज हो गई है। 23 अक्टूबर को होने वाला मतदान इन प्रत्याशियों के राजनीतिक भविष्य का फैसला करेगा।

आगरासे वाराणसी...

आगरा से दो क्विंटल चांदी मंगवाई थी। चांदी की सिल्लियों को छह छोटे बोरों में पैक करके संजय ट्रैवल्स की बस से भेजा जा रहा था। उन्होंने बताया कि बस इटावा के एक रेस्तरां में रुकी थी, जहां चांदी के दो बोरे चोरी हो गए। इस संबंध में रकाबगंज थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस के मुताबिक, जांच में पता चला कि चोरी की साजिश संजय ट्रैवल्स के पूर्व चालक बैजनाथ ने रची थी। उसने करीब एक साल पहले नौकरी छोड़ दी थी, लेकिन उसे चांदी की खेप के बारे में जानकारी थी। पुलिस ने बताया कि जब बस इटावा के रेस्तरां पर रुकी, तब बैजनाथ के साथी पहले से ही बस में बैठे थे। उन्होंने बस का लॉकर तोड़कर चांदी निकाल ली।

सहारनपुर : सड़क...

स्थित अपने गांव कुशावली लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि शनिवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे वे देवबंद पहुंचे और चाय-नाश्ता करने के लिए रुके थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने उनकी ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। भयानक हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 15 से 20 लोग घायल हो गए, घायल श्रद्धालुओं का अस्पताल में इलाज जारी है। इस भीषण हादसे में चार श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई जिनकी पहचान अमन राणा (25), सागर (22), पंकज (25) और रमेश (55) के रूप में हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने कंटेनर चालक और उसके सहायक को गिरफ्तार कर लिया है। बेहतर चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने हेतु सीएमओ सहारनपुर को निर्देशित किया गया है। कुछ घायलों को उनके परिजनों की सुविधा के दृष्टिगत मेरठ रेफर किया गया है।

विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल — रविवार, 11 अक्टूबर 2026

मेष- व्यापारिक विस्तार, चित्त प्रफुल्लित, कठिनाइयों में कमी, यात्रा संतोषजनक।
वृषभ- अभिलाषा पूर्ण, आपसी सम्बन्ध मधुर, दाम्पत्य जीवन सुखद, मनोबल में वृद्धि।
मिथुन- आज दिन 10/04 बजे तक बाधा, तत्पश्चात् कार्यों में प्रगति, मानसिक शांति, मन प्रसन्न।
कर्क- आज दिन 10/04 बजे तक निर्णय हितकर, तदुपरान्त प्रगति में अड़चनें, वाद विवाद।
सिंह- नवीन योजना साकार, लाभ का सुयोग, उत्तरदायित्व का निर्वाह, यात्रा संतोषजनक।
कन्या- नवसम्पर्क उपयोगी, निर्णय लाभप्रद, धार्मिक यात्रा सुखद, सुख के साधन सुलभ।
तुला- आज दिन 10/04 बजे तक हानि, तदनन्तर आकस्मिक लाभ, नौकरी में पदोन्नति, खुशी।
वृश्चिक- आज दिन 10/04 बजे तक प्रगति, तत्पश्चात् कार्यों में बाधा, धनहानि, मनोबल में कमी।
धनु- व्यवसाय में विस्तार, सफलता का सुयोग, योजना फलीभूत, सुसमाचार से खुशी।
मकर- निर्णय लाभप्रद, कठिनाइयों में कमी, प्रतियोगिता में सफलता, मानसिक शांति।
कुम्भ- आज दिन 10/04 बजे तक समस्याएँ प्रभावी, तदुपरान्त कार्य में उन्नति, यात्रा का सुयोग।
मीन- आज दिन 10/04 बजे तक लाभ की स्थिति, तदनन्तर विरोधी प्रभावी, आर्थिक हानि।

आज है जिनका जन्मदिन — 11 अक्टूबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 11 का मूलांक 2 का स्वामी ग्रह चंद्रमा एवं माह का अधिपति ग्रह शुक्र है। आकर्षक प्रतिभा के धनी होंगे। किसी भी समस्या पर तुरन्त निर्णय नहीं ले पायेंगे। आपके जीवन में एकाग्रता का अभाव रहेगा। अत्यधिक उदारता आपके लिए नुकसान दायक रहेगा। जीवन कठिनाईयों एवं संघर्षों से भरा रहेगा। सहयोगी प्रवृत्ति के होंगे। छोटी-सी असफलता से ही निराश हो जायेंगे। प्रमुख उद्देश्य लक्ष्य की प्राप्ति होगा। किसी भी कार्य को निःस्वार्थ भाव से करेंगे। प्रेम-सौन्दर्य व ललित कलाओं में अधिक रूचि लेंगे। स्पष्टवादी भी होंगे जो कि कभी-कभी आपके लिए घातक होगा। दाम्पत्य जीवन सामान्य रहेगा। मुख्य सिद्धान्त सादाजीवन अच्छा विचार होगा। जन सम्पर्क का लाभ मिलेगा। में प्रदर्शन की भावना अधिक रहेगी। इष्ट देवी-देवता की पूजा एवं प्रार्थना नियमित रूप से करें। दैनिक जीवन में सफेद रंग से सम्बन्धित वस्तुओं का प्रयोग अधिकतम करें। सोमवार के दिन सफेद वस्तुओं का दान भी करें। सदाचारी बनें। आरोग्य व सौभाग्य के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें।

आपके लिए शुभ

मन्त्र : ॐ सों सोमाय नमः
व्रत : सोमवार
दिन : सोमवार, मंगलवार एवं शुक्रवार
दिनांक : 2, 11, 20, 29
अंक : 1, 4, 7
मास : अक्टूबर, अक्टूबर एवं नवम्बर
वर्ष : 2, 11, 20, 29, 38, 47, 56, 65
रंग : सफेद एवं क्रीम
जन्मरत्न : मोती — उपरत्न : मून स्टोन
जड़ी : अनार की जड़ — दिशा : नैर्ॠत्य
वर्ष का महत्वपूर्ण समय—20 अक्टूबर से 20 अक्टूबर

यन्त्र

7	2	9
8	6	4
3	10	5

सुडोकू ४०८०

	2							1
		9		4	3			
					6			
		4						
3								
7			1					5
		6				4	3	
			5					
	1					9		

तरीका खेलने का : दिमागी खेल और नम्बरों की पहेली है। तर्क से इसे हल कर सकते हैं। [illegible]

हल ४०७९

6	2	8	5	1	4	9	7	3
5	9	4	3	7	2	6	8	1
7	1	3	8	6	9	5	4	2
8	7	1	4	3	6	2	9	5
3	6	2	9	5	8	4	1	7
4	5	9	7	2	1	3	6	8
1	8	6	2	9	3	7	5	4
9	3	7	1	4	5	8	2	6
2	4	5	6	8	7	1	3	9